झारखण्ड सरकार

**झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग, राँची।**

पत्रांकः– रा0खा0आ0 (शि0) पलामू / MDM–23 / 2022– 669

प्रेषक,

**संजय कुमार**
सदस्य सचिव,
झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग, राँची।

सेवा में,

**सचिव**
स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग,
झारखण्ड, राँची।

राँची, दिनांक :–04/08/2022

विषयः– **विद्यालय प्रबंधन समिति, स्तरोन्नत उच्च विद्यालय, तुर्क तलेया, चैनपुर, पलामू से प्राप्त आवेदन–पत्र पर कार्रवाई के सम्बन्ध में।**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में कहना है कि विद्यालय प्रबंधन समिति, स्तरोन्नत उच्च विद्यालय, तुर्क तलेया, चैनपुर, पलामू का आवेदन–पत्र आयोग को प्राप्त हुआ है। जिला शिक्षा पदाधिकारी, मेदिनीनगर, पलामू को संबोधित उक्त आवेदन की प्रति आयोग के पलामू जिला भ्रमण के दौरान आयोजित जनसुनवाई में उपलब्ध करायी गयी है। प्राप्त आवेदन–पत्र में विद्यालय में चापानल खराब हो जाने के कारण बच्चों के लिये मध्याह्न भोजन बनाने एवं पानी पीने से सम्बन्धित कठिनाईयों का उल्लेख किया गया है। विद्यालय प्रबंधन समिति द्वारा समस्या के समाधान हेतु अनुरोध किया गया है।

अतः प्राप्त आवेदन–पत्र की प्रति इस पत्र के साथ संलग्न कर आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित की जा रही है। अनुरोध है कि विषयांकित मामले में कृत कार्रवाई से आयोग को भी अवगत कराने की कृपा की जाय।

**अनुलग्नकः– यथोक्त।**

विश्वासभाजन

4/8/22

(संजय कुमार)
सदस्य सचिव,
झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग, राँची।

E:\Ziyaul\Vinod Sir\Letter.docx177

पता–झारखण्ड राज्य आवास बोर्ड के पुराने भवन का द्वितीय तल, हरमू हाउसिंग कॉलोनी, राँची–834002
email-jharfoodcommission@gmail.com, Ph. No:-06512252267/2252261
Website:-www.jharkhandsfc.in

(5)

# विद्यालय प्रबंधन समिति

स्तरोन्नत उच्च विद्यालय ,तुर्क तलेया ,चैनपुर ,पलामू

UDISE CODE 20021018303

विद्यालय स्थापना वर्ष :-1953

अध्यक्ष - कृष्ण कुमार दुबे M.S. [signature]

8210230337

सचिव सह संयोजक :-नागेन्द्र प्रसाद

9431193324

उपाध्यक्ष
सोनी देवी
सदस्य
रीमा देवी
नंदा देवी
अंजली देवी
सीता देवी
मैमून बीबी
सुशिल कुमार दुबे
विनोद कुमार दुबे
मनोज दुबे
मिथलेश राम
अन्जय दुबे
सूरज कुमार दुबे
(छात्र प्रतिनिधि )

611
27.07.22

पत्रांक :- 29/smc/3

सेवा में,

जिला शिक्षा पदाधिकारी महोदय
मेदिनीनगर ,पलामू

दिनांक :- 25-04-2022

विषय :- पेयजल समस्या के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक सविनय कहना है कि स्तरोन्नत उच्च विद्यालय, तुर्कतलेया (पतरिहा), चैनपुर में चापाकल पूरी तरह से खराब हो चुका है, जिससे मध्याह्न भोजन बनाने के साथ-साथ इस भीषण गर्मी में बच्चों को पानी पीने में भी कठिनाई हो रही है। बच्चे अगल बगल में जाकर किसी तरह पानी पी पा रहे हैं। हमलोगों ने अपने स्तर से मरम्मत कराने का प्रयास किया फिर भी पानी की समस्या अभी भी बनी हुई है। पानी के अभाव में मध्याह्न भोजन बंद होने से बच्चों को नहीं किया जा सकता है।

अतः श्रीमान से अनुरोध है कि अविलम्ब कार्रवाई करते हुए यथाशीघ्र समस्या का समाधान कराने की कृपा की जाय।

विश्वास भाजन
Krishna Kumar Dube
25/04/2022

प्रतिलिपि :- प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सह प्रखण्ड संसाधन केन्द्र समन्वयक, चैनपुर, कनीय अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता विभाग मेदिनीनगर।

अध्यक्ष
विद्यालय प्रबंधन समिति
स्तरोन्नत उच्च वि० तुर्क तलेया
चैनपुर, पलामू

(3)

# कार्यालय: स्त्रोन्नत उच्च विद्यालय, तुर्क तलेया, चैनपुर, पलामू

Email:- uhsturktalya@gmail.com Mob.:- 9431193324

पत्रांक:- 39 दिनांक:- 07-06-22

प्रेषक,

प्र०प्रधानाध्यापक

स्त्रोन्नत उच्च विद्यालय, तुर्कतलेया, चैनपुर, पलामू

सेवा में

कार्यपालक अभियंता महोदय
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग
मेदिनीनगर (पलामू)

विषय:- नया बोर करने के सम्बंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के सम्बंध सादर अंकित करना है कि स्तरोन्नत उच्च विद्यालय, तुर्कतलेया (पूर्वडीहा), चैनपुर, पलामू में दो-दो चापाकल लगा हुआ ~~का~~ है जिसमें एक चापाकल पुरी तरह सुख गया (डेड) है, जबकि दूसरा चापाकल से बहुत ही कम पानी निकल पा रहा जिससे बच्चे को इस भीषण गर्मी पानी पीने तक का नहीं हो पा रहा है दूसरी तरफ मध्याह्न भोजन बनाने के लिए पानी नहीं मिल पा रहा है।

अत: श्रीमान से अनुरोध है कि ~~ब~~ यथाशिघ्र नया बोर कराने की कृपा की जाय ताकि पीने का पानी एवं मध्याह्न भोजन बनाने के लिए समुचित ~~[illegible]~~ पानी की व्यवस्था हो सके।

(हाशिये पर: विनोद कुमार मिस्त्री 7/6/2022)

विश्वासभाजन

[हस्ताक्षर] 7/6/22

प्र० प्रधानाध्यापक
स्तरोन्नत उच्च विद्यालय,तुर्कतलेया
चैनपुर,पलामू

# कार्यालयः स्त्रोन्नत उच्च विद्यालय, तुर्क तलेया, चैनपुर,पलामू

Email:- uhsturktalya@gmail.com

Mob.:- 9431193324

पत्रांक:- 27

दिनांक:- 09-04-22

प्रेषक,

प्र०प्रधानाध्यापक

स्त्रोन्नत उच्च विद्यालय, तुर्कतलेया, चैनपुर, पलामू

सेवा में,

कनीय अभियंता महोदय
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग
मेदिनीनगर, पलामू

विषय :- चापाकल मरम्मती के सम्बंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के सम्बंध में कहना है कि स्तरोन्नत उच्च विद्यालय, तुर्कतलेया (पुर्वडीह) चैनपुर, पलामू के परिसर में दो चापाकल लगे हुए हैं जिसमें से (एक) 01 चापाकल पूरी तरह से खराब (मृत) हो चुका है। दुसरा चापाकल में भी पानी थोड़ा-थोड़ा निकल रहा है। अनुमानतः लगता है कि उसका वाशर या अन्य पूर्जे खराब है या फिर गर्मी के कारण जलस्तर नीचे चला गया है जिसमें अलग से पाईप बढ़ाने की आवश्यकता हो सकती है। इस विद्यालय में कुल 406 बच्चे अध्ययनरत है जिनके लिए पीने की पानी की समुचित व्यवस्था नहीं हो पा रही है। पानी के अभाव में मध्याह्न भोजन भी प्रभावित हो सकता है।

अतः यथा शिघ्र पेयजल सम्बंधी समस्याओं का समाधान किया जाय।

आवश्यक सूचनार्थ एवं कार्यार्थ समर्पित।

विश्वासभाजन

09/04/22

प्रधानाध्यापक
स्तरोन्नत उच्च विद्यालय तुर्कतलेया
चैनपुर, पलामू

कार्यालय: स्त्रोन्नत उच्च विद्यालय, तुर्क तलेया, चैनपुर, पलामू

Email:- uhsturktalya@gmail.com Mob.:- 9431153324


पत्रांक:- 15

दिनांक:- 13-07-22

प्रेषक,

प्र०प्रधानाध्यापक

स्त्रोन्नत उच्च विद्यालय, तुर्कतलेया, चैनपुर, पलामू

सेवा में,

कार्यपालक अभियंता महोदय, पेयजल एवं स्व० प्रमंडल
मेदिनीनगर (पलामू)

विषय :- विद्यालय में पेयजल (चापाकल) सुविधा के सम्बंध में।

महाशय

उपरोक्त विषय के सम्बंध में अंकित करना है कि इस विद्यालय में पेयजल की समस्या विद्यमान है इस विद्यालय में 407 बच्चे नामांकित हैं और केवल एक चापाकल है जो लगभग खराब है। पानी नहीं के बराबर निकलता है बच्चे दूसरे जगह पानी पीते हैं तथा मध्याह्न भोजन बनाने के लिए अगल-बगल से पानी लाकर संचालित कराया जा रहा है। चापाकल मिस्त्री से बात करने पर पता चला कि बोर कराने पर बालू की अधिकता के कारण ज्यादा बोर नहीं हो पाता है और लगभग हर समय इस विद्यालय में पानी की किल्लत बनी रहती है अत: डीप बोर कराने की कृपा की जाय ताकि पानी की उपलब्धता बनी रहे।

अत: श्रीमान् से अनुरोध है कि उपरोक्त विषय पर सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुए बच्चों के हित को प्राथमिकता के आधार पर पेयजल की समुचित व्यवस्था करने की कृपा की जाय।

विश्वासभाजन

प्र० प्रधानाध्यापक
स्त्रोन्नत उच्च विद्यालय तुर्कतलेया
चैनपुर, पलामू

madhu
13-7-22